Hindustan-New Delhi-08-05-2011

पत्राचार से कोर्स करना है, तो हो जाओ तैयार

नई दिल्ली | कार्यालय संवाददाता



जामिया मिलिया इस्लामिया यूनिवर्सिटी से पत्राचार में दाखिला एक जून से शुरू होगा। अर्जुन सिंह सेंटर फॉर डिस्टेंस एंड ओपन लर्निंग में पोस्टग्रेजुएट, ग्रेजुएट, डिप्लोमा एवं सर्टिफिकेट कोर्स में दाखिला लिया जा सकता है।

जामिया मिलिया इस्लामिया की मीडिया संयोजक सिमी मल्होत्रा ने बताया कि शैक्षणिक सत्र 2011-12 में पत्राचार के माध्यम से समान्य एवं प्रोफेशनल कोर्स करने वाले वाले छात्रों के लिए एक जून से प्रोस्पेक्टस और फॉर्मों की बिक्री शुरू की जाएगी। उन्होंने बताया कि एमए अंग्रेजी, हिंदी, इतिहास, समाजशास्त्र, राजनीतिक विज्ञान, लोक प्रशासन, मानव संसाधन प्रबंधन के साथ ही एमकॉम और एमएड में दाखिला लिया जाएगा। इसके अलाव पोस्टग्रेजुएट डिप्लोमा इन गाइडेंस एंड काउंसलिंग एवं जीओ इंफॉमेशन में दाखिला होगा।

उन्होंने बताया कि बीए जनरल, बीएड, बीकॉम, बीबीएस एंव बेचलर ऑफ इंटरनेशनल बिजनेस एंड फाइनेंस के साथ ही एडवांस डिप्लोमा इन कंप्यूटर हार्डवेयर एंड नेटवर्किंग टेक्नोलॉजी, डिप्लोमा इन इलेक्टिकल इंजीनियरिंग, डिप्लोमा इन पावर जेनरेशन इंजीनियरिंग, डिप्लोमा इन अर्लियर चाइल्डहुड केयर एजुकेशन पत्राचार के माध्यम से दाखिला होगा।

दाखिले से संबंधित जानकारी के लिए 26921263, 26842152 और 26929226 नबंर पर संपर्क किया जा सकता है। इसके अलावा अर्जुन सिंह सेंटर फॉर डिस्टेंस एंड ओपन लर्निंग के कार्यालय में कार्यदिवस के दिन जानकारी ली जा सकती है।

इग्नू में दाखिले का दरवाजा खुला

नई दिल्ली। इंदिरा गांधी नेशनल ओपन यूनिवर्सिटी (इग्नू) में दाखिला शुरू हो गया है। दूर शिक्षा प्रोग्राम के तहत पोस्टग्रेजुएट, ग्रेजुएट, पोस्टग्रेजुएट डिप्लोमा, पोस्टग्रेजुएट सर्टिफिकेट और सर्टिफिकेट स्तर पर इग्नू के जुलाई 2011 सत्र में दाखिला होगा। दाखिले की अंतिम तिथि 29 जुलाई है। जबकि कुछ कोर्सों में दाखिला 31 मई तक ही होगा।

इग्नू के मुख्य प्रवक्ता रवि मोहन ने बताया कि दाखिला लेने वाले छात्र अपने रीजनल सेंटर से दाखिले का फॉर्म और प्रोस्पेक्टस खरीद सकते हैं। इसके अलावा छात्र इग्नू के मुख्यालय, मैदानगढ़ी से भी खरीद सकते हैं। फॉर्म की कीमत सौ रुपये रखी गई है। उन्होंने बताया कि जुलाई सत्र के लिए सर्टिफिकेट प्रोग्राम और बैचलर प्रोप्रेटरी प्रोग्राम (बीपीपी) में दाखिला 31 मई तक होगा। इसके साथ ही सभी डिप्लोमा, पीजी डिप्लोमा, बैचलर और मास्टर्स डिग्री प्रोग्राम में दाखिला लेने की अंतिम तिथि 29 जुलाई है। छात्र डाक के माध्यम से भी दाखिले का फॉर्म प्राप्त कर सकते हैं। उन्होंने बताया कि सभी प्रोग्रामों का संचालन 21 स्कूल ऑफ द यूनिवर्सिटी के तहत स्कूल ऑफ एग्रीकल्चर, कंप्यूटर एंड इंफॉर्मेशन साइंस, एजुकेशनल इंजीनियरिंग एंड टेक्नोलॉजी, एक्सटेंशन एंड डिवेलपमेंट स्टडीज, फौरेन लैंग्वेजेज, जेंडर एंड डिवेलपमेंट स्टडीज, हेल्थ साइंस, जर्नालिज्म एंड न्यू मीडिया स्टडीज, लॉ, मैनेजमेंट स्टडीज, सोशल साइंस, सोशल वर्क, ट्रांसलेशन स्टडीज, टूरिज्म एंड हॉस्पिटालिटी आदि सेंटरों से किए जाते हैं।